भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 3353

दिनांक 07.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों हेतु वीजा

3353. श्रीमती माला राय:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत सरकार इस बात से अवगत है कि कनाडा सरकार, भारत के सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों, विशेषकर विदेश मंत्रालय में सेवा दे चुके और कनाडा में तैनात रहे कर्मचारियों, के वीजा आवेदनों को लंबित रख रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसे मामलों की सूची तैयार की गई है और इस मामले को कनाडा सरकार के समक्ष उठाया गया है और

(ग) क्या भारत सरकार ने कनाडा सरकार द्वारा वीजा आवेदनों संबंधी कार्य में किए जा रहे विलंब को रोकने हेतु कोई पारस्परिक विचार किया है अथवा पहल की है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ग) जी हाँ ,सरकार कनाडा सरकार द्वारा वीजा आवेदनों के प्रसंस्करण में हो रहे विलंब के विशिष्ट मामलों से अवगत है, जिनमें भारत सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारी, और विदेश मंत्रालय के वे सेवानिवृत्त अधिकारी शामिल हैं जो पहले कनाडा में सेवा दे चुके हैं। भारत और कनाडा इस मुद्दे पर आपस में जुड़े हुए हैं।

*****